# मध्यप्रदेश में कूनो के जंगल से 21 दिन से लापता मादा चीता निर्वा सुरक्षित मिली



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध कूनो राष्ट्रीय उद्यान से करीब 21 दिन पहले लापता हुई दक्षिण अफ्रीकी से लाई गई मादा चीता निर्वा आखिरकार सुरक्षित मिल गई। उसका सैटेलाइट कॉलर काम नहीं कर रहा था, जिस कारण सिग्नल मिलना बंद हो गया था। लंबी तलाश के बाद टीम ने निर्वा का पता लगाया और शुक्रवार को उसे सुरक्षित वापस बाड़े में छोड़ा गया।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान के क्षेत्र निदेशक उत्तम कुमार शर्मा ने शुक्रवार को चीता प्रोजेक्ट की उपलब्धियों को एक्स पर साझा करते हुए निर्वा की तलाश को बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि कॉलर से सिग्नल नहीं मिलने के बावजूद टीम ने लगातार प्रयास जारी रखे। करीब 21 दिन तक उसकी लोकेशन की पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी थी। क्षेत्र निदेशक शर्मा ने बताया कि निर्वा के कॉलर से सिग्नल बंद होने के बाद उसकी निगरानी चुनौती बन गई थी। मानसून के दौरान जंगल में उसकी मौजूदगी और लगातार बदलते मौसम के बीच टीम के सामने उसे खोजने की चुनौती थी। आखिरकार उसकी लोकेशन ट्रेस की गई और उसे सुरक्षित वापस लाया गया।

**गायब होने पर दिल्ली तक पहुंची थी शिकायतः** निर्वा के लंबे समय तक ट्रेस नहीं होने और कॉलर खराब होने को लेकर वाइल्ड लाइफ वर्कर अजय दुबे ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा एनटीसीए के सदस्य सचिव को लिखित शिकायत भी की थी। शिकायत में मामले की उच्च स्तरीय जांच और कॉलर की तकनीकी खराबी की जांच की मांग की गई थी।

शिकायत में कूनो में स्निफर डॉग इलू और रूबी की मौत का मामला भी उठाया गया है। दोनों मामलों में प्रबंधन की कथित लापरवाही की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही कूनो में वन्यजीवों के शिकार के मामलों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग भी की गई है। निर्वा के सुरक्षित मिलने के बाद फिलहाल चीता प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के लिए यह राहत की खबर है। हालांकि, उसके कॉलर ने सिग्नल क्यों देना बंद किया और इतने दिनों तक उसकी लोकेशन क्यों नहीं मिल सकी, इसे लेकर उठे सवालों का जवाब जांच से ही स्पष्ट होगा।

## तत्परता से टली गंभीर रेल दुर्घटना, घायल यात्री को समय पर मिली मदद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल मंडल के वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक नमन पाठक की तत्परता और सूझबूझ से खंडवा रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर दुर्घटना टल गई। उन्होंने समय रहते कार्रवाई कर गाड़ी और प्लेटफॉर्म के बीच गिरे एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकलवाकर उपचार के लिए भेजा।

घटना 27 अगस्त की है। काचीगुडा-भगत की कोठी एक्सप्रेस निर्धारित ठहराव के बाद खंडवा स्टेशन से रवाना हो रही थी। ट्रेन शाम 5:53 बजे स्टेशन पहुंची थी और निर्धारित प्रस्थान समय शाम 6:05 बजे था। ट्रेन के चलने के दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों ने वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक को सूचना दी कि एक व्यक्ति ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गया है। सूचना मिलते ही नमन पाठक ने बिना देरी किए प्रेशर ड्रॉप प्रक्रिया के माध्यम से ट्रेन को रुकवाया। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल और अन्य कर्मचारियों की सहायता से घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा आवश्यक उपचार के लिए भेजा गया। घटना की सूचना संबंधित रेलवे अधिकारियों को भी तत्काल दी गई। वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक की सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता से घायल को समय पर सहायता मिल सकी। रेलवे अधिकारियों ने इसे यात्रियों की सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण बताया।

## नेपाल त्रासदी में फंसीं अनूपपुर की दो बेटियां सुरक्षित, रविवार तक घर लौटेंगी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर की दो बेटियां नेपाल में 26 अगस्त की सुबह आई जलप्रलय त्रासदी में अनूपपुर में फंस गई थीं। अब वह सुरक्षित हैं और सरकार की मदद से उन्हें नेपाल के पोखरा पहुंचाया गया है।

कोतमा वार्ड क्रमांक 8 निवासी मंजू माझी की बेटियां पलक माझी और पल्लवी माझी ग्वालियर में पढ़ाई और नौकरी करती हैं। वे कुछ दिन पहले छुट्टी पर नेपाल घूमने गई थीं। जलप्रलय के कारण वे नेपाल में फंस गईं। त्रासदी और नेटवर्क की समस्या के चलते दो दिनों तक परिजनों का पलक और पल्लवी से कोई संपर्क नहीं हो पाया था। इस दौरान परिवार ने सरकार से मदद की गुहार लगाई थी।

### 9 लोगों का ग्रुप गया था घूमने

दोनों बेटियों के सुरक्षित होने की खबर मिलने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है। परिजनों के अनुसार, वे शनिवार को नेपाल से अपने घर कोतमा के लिए रवाना होंगी। पिता ने फोन पर दोनों बेटियों से बात की है। बताया गया है कि पलक और पल्लवी कुल 9 लोगों के समूह के साथ नेपाल घूमने गई थीं। उनके पिता ने जानकारी दी है कि समूह के 6 लोग सुरक्षित हैं, जबकि तीन अन्य के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

## धार की ऐतिहासिक भोजशाला में गूंजा हनुमान चालीसा पाठ

### भोजशाला के रास्ते पर दरी बिछाकर नमाज पढ़ने की कोशिश

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम व्यवस्था के तहत मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय ऐतिहासिक भोजशाला के पीछे खसरा नंबर 612 की भूमि पर मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की, जबकि भोजशाला परिसर में हिंदू श्रद्धालुओं ने दोपहर 1 से 3 बजे तक हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान भोजशाला के रास्ते में दरी बिछाकर नमाज पढ़ने की कोशिश की गई, जिसे प्रशासन ने रोक दिया।

दरअसल, उच्चतम न्यायालय के आदेश पर जिला प्रशासन ने धार में भोजशाला परिसर से सटी पीछे वाली खसरा नंबर 612 की जुमे की नमाज के लिए निर्धारित की है। शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय ने इसी जमीन पर नमाज अदा की, जबकि भोजशाला परिसर के अंदर हिंदू समुदाय ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

इस बार जुमे की नमाज में शामिल होने वालों की संख्या पिछली बार की तुलना में अधिक नजर आई। खसरा नंबर 612 की भूमि पर जगह कम पड़ने पर कुछ लोग लक्कड़ पीठा क्षेत्र की ओर जाने वाले मार्ग पर बरसाती और दरी बिछाकर नमाज की तैयारी करने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर एएसपी विजय डावर मौके पर पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश खसरा नंबर 612 की भूमि पर नमाज के लिए हैं, इसलिए सड़क पर नमाज की व्यवस्था नहीं की जा सकती।

## भाई की आंखों की रोशनी गई तो बहन ने जीवन कर दिया समर्पित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के अमरकंटक में रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और समर्पण का पर्व है। इस रिश्ते की मिसाल पेश करने वाली एक बहन की कहानी सामने आई है, जिसने अपने दृष्टिबाधित भाई की देखरेख और परिवार की जिम्मेदारियों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

वार्ड क्रमांक 9 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना सोनवानी (43) ने भाई मुन्नालाल सोनवानी (51) की आंखों की रोशनी जाने के बाद उनकी जिम्मेदारी संभाली और आज तक विवाह नहीं किया।



**पढ़ाई के दौरान कमजोर हुई आंखों की रोशनी**

मुन्नालाल जब कक्षा दसवीं में पढ़ते थे, तब उन्हें आंखों से कम दिखाई देने की शिकायत शुरू हुई। इसके बावजूद उन्होंने किसी तरह 12वीं तक पढ़ाई पूरी की, लेकिन इसके बाद उनकी आंखों की रोशनी पूरी तरह चली गई। परिवार ने इलाज के लिए चेन्नई सहित देश के कई बड़े नेत्र अस्पतालों के चक्कर लगाए।

## पेड़ों को भाई मान महिला वनकर्मियों ने बांधी राखी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः**। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व अनूठे अंदाज में मनाया गया। टाइगर रिजर्व में पदस्थ महिला वनकर्मियों ने पेड़ों को भाई मानकर पूरे विधि-विधान से रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान उन्होंने वृक्षों को तिलक लगाया और आरती उतारकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। महिला वनकर्मियों ने इस पहल के माध्यम से वन एवं वृक्षों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। वृक्ष मानव जीवन के लिए प्राणवायु उपलब्ध कराने के साथ ही वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करते हैं।


**पश्चिम मध्य रेल**

**उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) शाखा-भोपाल**

**निविदा क्रमांकः BPL-PROJECT-EPC-2026-02**

**प्रकाशन दिनांक 07.08.2026**

**शुद्धिपत्र-01**

निविदा क्रमांकः BPL-PROJECT-EPC-2026-02 प्रकाशन दिनांक 07.08.2026 हेतु **IREPS Portal** पर शुद्धिपत्र-01 दिनांक 24.08.2025 को प्रकाशित किया गया है। पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https: //ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। कृपया उक्त वेबसाइट को आगे की सूचना के लिए विजिट करे। (हस्ता.)

**उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/28/2026)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 81265493 | सप्लाई ऑफ 15 kVA साइलेंट डीजल जनरेटर (DG) सेट | 84 नंबर्स | 15/09/2026 |
| 2. | 40262623 | सेल्फ प्रीमिंग मोनो ब्लॉक पंप 0.5 HP | 1339 नंबर्स | 21/09/2026 |
| 3. | 38264125A | बोगी सेंटर पाइवोट टॉप फार Casnub22 HS | 3923 नंबर्स | 28/09/2026 |
| 4. | 40262785A | लौ मेंटेनेंस लीड एसिड बैटरी 290Ah,24V | 51 सेट्स | 28/09/2026 |
| 5. | 20262173 | एलगी मेक सेट ऑफ डिस्क बाल्व असेंबली | 185 सेट्स | 01/10/2026 |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर


स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना स्टेशन बजरिया भोपाल**

**क्रमांक/अप.क्र.246** **दिनांक-24/08/26**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि थाना स्टेशन बजरिया जिला भोपाल के अपराध क्रमांक 246/26 धारा 140 (3) बीएनएस के राजकुमार अहिरवार पिता स्व. नंदराम अहिरवार उम्र 60 साल नि.म.न.46 मस्जिद कालोनी चांदबढ थाना स्टेशन बजरिया भोपाल हुलिया रंग सांवला कंद करीबन 05 फूट 08 इंच चेहरा गोल है। सफेद कलर की शर्ट एवं सफेद कलर का पेंट पहने है पैरो में चप्पल पहने है। उपरोक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी हो तो थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में सम्पर्क करें अथवा थाना को मोबाईल नम्बर 9479990523 या 7049104193 पर तत्काल सम्पर्क करें ।



**थाना प्रभारी**

**थाना स्टेशन बजरिया भोपाल (म.प्र.)**

**जी-17834/26**

**जाहिर सूचना**

**एक अव्यपवर्तित कृषि भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल-1020 वर्गफिट अर्थात् 94.79 वर्गमीटर है जो कि कृषि भूखण्ड क्र. 18, खसरा नं.-499/1, 500/2, 502/1/2 कुल रकबा-594 वर्गमीटर अर्थात् 6391.44 वर्गफिट का अंश भाग होकर, ग्राम-बरखेड़ा नाथू, प.ह.नं.-33, वि.ख. फन्दा, तह.- हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. में स्थित है, के विक्रय के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती उमा मालवीय पत्नी श्री हरिशंकर मालवीय, निवासी-म.नं. 117, पनघट शादी हॉल के पास, सेवनियां गौंड, सूरज नगर, हुजूर भोपाल म.प्र. ने विक्रेता श्रीमती रश्मि गांधी पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल श्री योगेश गांधी, निवासी. म.नं. 9, विनीत कुंज, अकबरपुर, कोलार रोड (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक अव्यपवर्तित कृषि भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल-1020 वर्गफिट अर्थात् 94.79 वर्गमीटर है, जो कि कृषि भूखण्ड क्र. 18, खसरा नं.-499/1,500/2, 502/1/2 कुल रकबा-594 वर्गमीटर अर्थात् 6391.44 वर्गफिट का अंश भाग होकर, ग्राम-बरखेड़ा नाथू, प.ह.नं.-33, वि.ख. फन्दा, तह.- हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. में स्थित है, को क्रय करने के लिए बयाना राशि का भुगतान विक्रेता को कर दिया है, उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, ऋण, भार, बकाया इत्यादि के सम्बंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैक, सोसायटी, निगम एवं शासकीय, अशासकीय विभाग, किसी व्यक्ति, व्यक्तियो की कोई भी देनदारी लेनदारी, इकरारनामा, विक्रय अनुबंध, विक्रय, हस्तांतरण, कब्जे के सम्बंध में कोई वाद विवाद हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में लिखित में प्रमाण सहित आवश्यक रूप से आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि उपरांत कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी और मेरी पक्षकारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगा।

**मुकेश द्विवेदी, अधिवक्ता**

**श्री बालॉजी एसोसिएट्स कार्या. म.नं. 21, शॉप नं. 01, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास, छापरी, रातीबड़ भोपाल (म.प्र) मो. 75099828989**


## सूडोकु नवताल- 7884

★☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7883 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7557



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणः**




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो - 7556 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8965




**बाएँ से दाएँ**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**


1. मदिरा, मद्य-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

**शब्द पहेली -8964 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7396



**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचेः-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 7395**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7490

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | | | 2 | |
| 6 | 31 | | 28 | 3 | 30 | 1 |
| 5 | | 3 | 4 | | | 7 |
| | 27 | 4 | 26 | | 39 | |
| 2 | | | 1 | 6 | | 4 |
| | 34 | 6 | 35 | | 40 | |
| 3 | 7 | | | 5 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 7489 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 23 | 1 | 26 | 6 | 40 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 38 | 4 | 24 | 4 | 29 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 47 | 7 | 35 | 7 | 26 | 2 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 8510

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | ह | आ | ल | म | आ | रा | म |
| ग | खु | क | दू | म | जी | ने | शि | या | ड़ | द |
| ले | पी | जा | क | दि | ग | बा | द | ह | प | र |
| आ | ग | ए | रा | ल | दे | व | दा | स | लि | इं |
| ज | आ | रा | ल | दे | ब्लै | ला | कि | यो | प | डि |
| म | इ | वा | मो | चु | प | क | शी | ह | गी | या |
| न | अ | ल | रा | के | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ल | र | स | र | प्या | सा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | बे | न | न | ज | जी | व | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | म | व | शि | का | री | क्त | ल |
| बां | दो | बी | घा | ज | मी | न | स | सु | रा | ल |

*शब्दजाल में दस बेहतरीन फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

मदर इंडिया, दो बीघा जमीन, आवारा, प्यासा, वक्त, आलमआरा, मुगले आजम, देवदास, हम दिल दे चुके सनम, ब्लैक,

**शब्दजाल - 8509 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore